Online National level Science Quiz was organized by Departments of Botany, Chemistry, Computer Science , Mathematics, Physics and Zoology, Arya Kanya Mahavidyalya, Shahabad Markanda on February 28, 2024 on the occasion of National Science Day

विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हरप्रीत ने मारी बाजी

शाहाबाद : ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्या। (छाया : विजय कुमार)

शाहाबाद मारकंडा, 28 फरवरी (विजय कुमार): बुधवार को आर्य कन्या महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग, रसायन विज्ञान विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, गणित विभाग, भौतिकी विज्ञान विभाग एवं प्राणी शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान थीम पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से 107 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने प्रतियोगिता की आयोजक समिति एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया तथा बताया कि विज्ञान ही वह शक्ति है जो हमें नहीं राह दिखाती है और हमारे जीवन को सरल और सुखद बनाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि इस दिन का अवलोकन करते समय हमें विज्ञान के अद्भुत शोध और नव विचारों के प्रति अभ्यास होता है जो हमारे भविष्य को उत्तम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान आर्य कन्या महाविद्यालय कि हरप्रीत कौर और यशिका ने प्राप्त किया।

अवैध हथियार सहित 1 काबू

यमुनानगर, 28 फरवरी (सुनील): अपराध शाखा -2 की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत के दर्ज किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज अनेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक गांव ईशरपुर मोड के पास अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही अनिल कुमार, सुनील, कुलदीप, मनीष की टीम का गठन किया गया।